श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 106, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण | प्रयागराज | रविवार, 22 नवम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

## अब शादियों में शामिल हो सकेंगे सिर्फ 100 लोग, बढ़ते मामले देख सीएम योगी आदित्यनाथ का फैसला

**कोरोना संक्रमण के मामलों को एक बार फिर बढ़ते देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शादी समारोह आदि में 200 व्यक्तियों के शामिल होने की छूट को घटाकर 100 करने के निर्देश दिए हैं।**



**लखनऊ, जेएनएन।** वैश्विक महामारी कोरोना वायरस संक्रमण के एक बार फिर से तेजी पकड़ने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी विभागों को हाईअलर्ट पर कर दिया है। टीम-11 के साथ समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने सार्वजनिक जगहों पर विशेष सतर्कता बरतने के साथ ही अब वैवाहिक समारोह में भी सिर्फ सौ लोगों के शामिल होने की अनुमति का निर्देश भी दिया है।

सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद स्वास्थ्य विभाग के साथ ही नगर विकास विभाग भी सक्रिय हो गया है। प्रदेश में अब वैवाहिक समारोह में सिर्फ सौ लोग ही शामिल हो सकेंगे। कोरोना संक्रमण के मामलों को एक बार फिर बढ़ते देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शादी समारोह आदि में 200 व्यक्तियों के शामिल होने की छूट को घटाकर 100 करने के निर्देश दिए हैं।

सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यह व्यवस्था दिल्ली से सटे जिलों में शनिवार से ही लागू हो गई है। गाजियाबाद के नोएडा में वैवाहिक समारोह में सिर्फ सौ लोगों के शामिल होने की अनुमति है। यहां पर भी कोरोना वायरस संक्रमण के फिर से बढ़ते मामलों का असर होने की संभावना है। गौतम बुद्ध नगर के जिलाधिकारी ने बताया कि कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए अब किसी भी समारोह में अधिकतम सौ लोग ही भाग ले सकेंगे। शासन के इस निर्देश का अनुपालन शीघ्र ही सुनिश्चित कराया गया है। इसका उल्लंघन करने पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। गाजियाबाद के जिलाधिकारी डॉ. अजय शंकर पाण्डेय ने भी निर्देश जारी कर दिया है। गाजियाबाद में अब शादी समारोह में सिर्फ 100 लोगों के शामिल होने की अनुमति है। जिन लोगों ने पहले से अनुमति ले रखी है अब वह दोबारा से नए नियम के तहत परमिशन लेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पड़ोसी राज्यों विशेष रूप से दिल्ली में कोविड-19 की सेकेण्ड वेव के दृष्टिगत प्रदेश में पूरी सतर्कता बरती जाए। कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग तथा सर्विलांस सिस्टम को सुदृढ़ बनाए रखा जाए। बाहरी राज्य से आने वाले लोगों की प्रभावी कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग की जाए। रेलवे स्टेशन तथा एयरपोर्ट पर कोरोना के दृष्टिगत स्क्रीनिंग की जाए। एम्बुलेंस सेवा को पूरी सक्रियता से संचालित किया जाए

उन्होंने कहा कि कोविड-19 से बचाव व उपचार की प्रभावी व्यवस्था को बनाए रखें। इसके बचाव के सम्बन्ध में लोगों को निरन्तर जागरूक किया जाए। इसके लिए गृह, ग्राम्य विकास, नगर विकास, राजस्व, स्वास्थ्य व औद्योगिक विकास विभागों के पब्लिक एड्रेस सिस्टम का उपयोग करें। मुख्यमंत्री ने कोविड-19 से जंग जीतने के लिए इससे दो कदम आगे की सोच रखे जाने पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 की चेन को तोड़ने में मेडिकल टेस्टिंग की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रतिदिन एक तिहाई आरटी-पीसीआर तथा शेष दो तिहाई मेडिकल टेस्ट रैपिड एण्टीजन विधि से हों। सभी लोग मास्क को अनिवार्य रूप से लगाएं। इसके लिए प्रत्येक जनपद में डीएम, एसपी तथा सीएमओ विभिन्न संगठनों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ एक बैठक करें। उन्होंने मास्क न पहनने वालों पर प्रवर्तन की कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए।

## पहली जनवरी से वाहनों की प्रदूषण जांच हो जाएगी महंगी

**परिवहन विभाग ने प्रदेश के हर थाना क्षेत्र में कम से कम एक प्रदूषण केंद्र स्थापित करने का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए 2021 मार्च की तिथि निर्धारित की गई है। बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए परिवहन विभाग ने पूरी प्रक्रिया को अब ऑनलाइन कर दिया है।**




**लखनऊ, जेएनएन।** पहली जनवरी से प्रदूषण जांच कराना महंगा हो जाएगा। वाहनस्वामियों को अब प्रदूषण जांच कराने पर प्रमाणपत्र लेने के लिए करीब-करीब दोगुना पैसा खर्च करना पड़ेगा। बढ़ाई गई धनराशि दोपहिया चौपहिया समेत सभी तरह के वाहनों पर लागू होगी। नई दरें जारी कर दी गई हैं। बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए परिवहन विभाग ने पूरी प्रक्रिया को अब ऑनलाइन कर दिया है। वाहनस्वामियों को अपनी गाड़ियों की जांच कराने पर अपनी जेब हल्की करनी पड़ेगी।

परिवहन विभाग ने प्रदेश के हर थाना क्षेत्र में कम से कम एक प्रदूषण केंद्र स्थापित करने का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए 2021 मार्च की तिथि निर्धारित की गई है।

प्रदूषण जांच की नई दरें- दोपहिया वाहन-50 रुपया, तीन व चार पहिया पेट्रोल, सीएनजी व एलपीजी गाड़ी-70 रुपये, चार पहिया सभी प्रकार के डीजल वाहन-100 रुपये, वर्तमान प्रदूषण जांच की दर- दोपहिया वाहन-30 रुपया, चौपहिया गाड़ी पेट्रोल व अन्य- 40 रुपया, चौपहिया डीजल-50 रुपया।

'करीब पांच साल से प्रदूषण जांच की दरों में इजाफा किए जाने की मांग सेंटर चलाने वाले कर रहे थे। इसे देखते हुए सभी पहलुओं पर विचार के बाद पहली जनवरी से प्रदूषण जांच की दरों को बढ़ाए जाने का निर्णय लिया गया है। पूरी प्रक्रिया अब ऑनलाइन है। मैनुअल व्यवस्था पूरी तरह से खत्म कर दी गई है। उत्तर प्रदेश ऑनलाइन मोटरयान प्रदूषण जांच केंद्र योजना 2020 के अंतर्गत थानावार प्रदूषण केंद्र खोले जाएंगे, जिससे हर व्यक्ति आसानी से अपने क्षेत्र ही अपने वाहन की जांच करा सके।' -धीरज साहू, परिवहन आयुक्त

## बर्दाश्त नहीं लापरवाही, प्रयागराज के जिला आबकारी अधिकारी व निरीक्षक सस्पेंड

**प्रयागराज के फूलपुर में सरकारी देशी शराब की दुकान से खरीदी मिलावटी शराब के सेवन से छह लोगों की मौत पर गंभीर सीएम योगी आदित्यनाथ ने सभी जिम्मेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया था।**




**लखनऊ, जेएनएन।** प्रयागराज में सरकारी देशी शराब की दुकान से अवैध शराब की बिक्री के मामले में सीएम योगी आदित्यनाथ की बेहद नाराजगी का बड़ा असर हो गया है। अपर मुख्य सचिव ने प्रयागराज के जिला आबकारी अधिकारी तथा निरीक्षक के साथ एक कॉन्सटेबल को निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सम्भल के जिला विकास अधिकारी को कार्य में शिथिलता बरतने के मामले में निलंबित किया गया है।

प्रयागराज के फूलपुर में सरकारी देशी शराब की दुकान से खरीदी मिलावटी शराब के सेवन से छह लोगों की मौत पर गंभीर सीएम योगी आदित्यनाथ ने सभी जिम्मेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया था। इसी क्रम में अपर मुख्य सचिव आबकारी संजय आर. भूसरेड्डी ने कार्रवाई की है। उन्होंने प्रयागराज के जिला आबकारी अधिकारी संदीप बिहारी के साथ ही आबकारी निरीक्षक विजय प्रताप यादव तथा हेड कॉन्टेबल सुरेश कुमार को निलबिंत कर दिया है। प्रयागराज के फूलपुर के तहसील के अमिलिया गांव में मिलावटी शराब के सेवन से छह लोगों की मौत हो गई है। अभी भी तीन लोगों की हालत गंभीर है। इनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। इन सभी ने सरकारी देशी शराब की दुकान ने शराब खरीदकर उसका सेवन किया था। मिलावटी शराब से मौत के मामले में एक्साइज इंटेलिजेंस ब्यूरो (ईआइबी) के साथ स्पेशल स्ट्राइक फोर्स (एसएसएफ) की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं।

अनुशासनहीनता और स्वेच्छाचारिता का व्यवहार सम्भल के जिला विकास अधिकारी रामसेवक को भारी पड़ गया है। इन पर अनुशासनहीनता के आरोप पर सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर निलंबित किया गया है। इनके निलंबन का आदेश मुख्यमंत्री कार्यालय ने ट्वीट किया है। रामसेवक पर उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने, आईजीआरएस अंतर्गत आख्या प्रेषित न करने, अधीनस्थों से अभद्रता करने और बगैर समुचित अनुमति के जनपद मुख्यालय से बाहर जाने सहित अनुशासनहीनता और स्वेच्छाचारिता के अनेक आरोप प्रथमदृष्टया सिद्ध हुए हैं। जवाब मांगे जाने पर भी आरोपी अधिकारी की ओर से जवाब नहीं दिया गया। यही नहीं, पूर्व की तैनाती के दौरान भी रामसेवक पर मनमानी करने के तमाम मामले सामने आए हैं। मुख्यमंत्री ने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से इनको निलंबित करने का आदेश दिया है। इनके प्रकरण की गहन जांच के लिए संयुक्त विकास आयुक्त, बरेली मंडल को जांच अधिकारी नामित किया गया है।

### अवैध शराब बनाने वालों पर सीएम योगी आदित्यनाथ सख्त, लगेगा गैंगस्टर और नीलाम होगी प्रॉपर्टी

**लखनऊ, जेएनएन।** उत्तर प्रदेश में इन दिनों अवैध शराब के कारण लोगों की मौत पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने बड़ा कदम उठाया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ तथा प्रयागराज में अवैध देशी शराब के कारण लोगों की मौत पर सख्त रुख अपनाते हुए इनके कारोबारियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करने और उनकी सम्पत्ति नीलाम कर पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने का निर्देश दिया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के डीजीपी, प्रमुख सचिव आबकारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से प्रदेश में अब किसी भी कीमत पर अवैध शराब के काले कारोबार पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही चेतावनी दी है कि यदि किसी इलाके में अवैध शराब बिकती हुई पाई जाती है तो वहां के थानेदार और आबकारी अधिकारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। अब निलंबन और बर्खास्तगी के साथ ही एफआईआर दर्ज कर जेल भी भेजा जाएगा। प्रयागराज में छह तथा लखनऊ में पांच लोगों ने दम तोड़ा था।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने साफ कहा है कि उत्तर प्रदेश के किसी भी जिले में अवैध शराब नहीं बिकनी चाहिए। इस काले कारोबार पर हर हाल में अंकुश लगना चाहिए। उत्तर प्रदेश सरकार ने अवैध एवं कच्ची शराब के निर्माण व बिक्री को रोकने के लिए आबकारी विभाग की टीम गठित कर प्रत्येक जिले में 15 दिवसीय विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। यह जानकारी देते हुए अपर मुख्य सचिव आबकारी संजय आर भूसरेड्डी ने बताया कि सर्दी के मौसम में अवांछित लोग अनियमित ढंग से कच्ची शराब को घरों में बनाने का कार्य करते हैं, जिसे प्रभावी रूप से रोका जाना आवश्यक है। इसके लिए यह अभियान चलाया जा रहा है, ताकि किसी भी रूप में अवैध और कच्ची शराब का निर्माण व बिक्री न हो सके।

भूसरेड्डी ने बताया कि इस संबंध में समस्त जिलों में आवश्यक निर्देश जारी कर दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि इस बड़े अभियान के लिए आबकारी विभाग की टीम को जिला स्तर पर आवश्यकतानुसार पुलिस विभाग भी सहयोग करेगा जिससे प्रत्येक दशा में अवैध कच्ची शराब का निर्माण, बिक्री एवं उसके परिवहन पर प्रभावी रोक लगायी जा सके। अपर मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि जिलाधिकारी के माध्यम से पुलिस, प्रशासन एवं आबकारी की संयुक्त टीमों का गठन कराया जाए और आवश्यकतानुसार प्रवर्तन इकाई इन टीमों को सहयोग प्रदान किया जाए। यह टीमें अवैध शराब एवं नारकोटिक्स के कुख्यात अड्डों पर निरन्तर छापेमारी कर अवैध कारोबार को समूल नष्ट करें तथा पकड़े गये आरोपियों पर आईपीसी सहित अन्य अधिनियमों की कठोरतम धाराओं में कार्रवाई सुनिश्चित करें। इसके साथ ही आरोपी पाए गए व्यक्तियों की संपत्ति भी कुर्क की जाएगी।

## प्राइवेट अस्पताल कोविड मरीजों से कर रहे मनमानी वसूली




**नई दिल्ली, प्रेट्र।** कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ने, सरकारी अस्पतालों में मरीजों के लिए पर्याप्त संख्या में बेड न होने और कोविड इलाज के स्पष्ट दिशानिर्देश न होने से प्राइवेट अस्पताल मरीजों से मनमानी वसूली कर रहे हैं। संसदीय समिति ने कहा है कि इलाज के लिए उचित मूल्य तय करके तमाम मरीजों को मौत से बचाया जा सकता है।

स्वास्थ्य मामलों की संसदीय समिति के प्रमुख रामगोपाल यादव ने कोविड-19 महामारी और इसके प्रबंधन पर राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू को रिपोर्ट सौंपकर इलाज के स्पष्ट दिशानिर्देशों की मांग की है। कोविड मामले में सरकार की कार्यप्रणाली पर किसी संसदीय समिति की यह पहली रिपोर्ट है। देश की 130 करोड़ की आबादी की स्वास्थ्य सुविधाओं पर खर्च को बहुत कम बताते हुए संसदीय समिति ने कहा है कि जर्जर स्वास्थ्य सुविधाएं कोविड महामारी से निपटने में सबसे बड़ी बाधा हैं। समिति ने जन स्वास्थ्य सुविधाओं पर सरकार का खर्च बढ़ाने की सिफारिश की है। अगले दो वर्ष में जीडीपी का 2.5 प्रतिशत स्वास्थ्य सुविधाओं पर खर्च किए जाने की आवश्यकता जताई है। 2025 तक देश में स्वास्थ्य सुविधाओं का समुचित ढांचा खड़ा करने के लिए कहा है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 ने स्वास्थ्य सेवाओं पर 2025 तक सरकार का खर्च बढ़ाकर जीडीपी का 2.5 प्रतिशत करने का लक्ष्य निर्धारित किया है, जो 2017 में जीडीपी का महज 1.7 प्रतिशत था। संसदीय समिति ने कहा है कि पर्याप्त सरकारी स्वास्थ्य सुविधाएं न होने की वजह से आमजन को भीषण मुश्किलों का सामना करना पड़ता है और बड़ी संख्या में मरीजों की मौत भी होती है। कोरोना संक्रमण के दौरान यह समस्या और प्रबल होती देखी गई है। सरकारी अस्पतालों में इलाज की पर्याप्त सुविधा न होने की वजह से लोगों को खतरनाक हालातों से जूझना पड़ रहा है या निजी अस्पतालों की मनमानी वसूली का शिकार होना पड़ रहा है। सरकार के इलाज संबंधी स्पष्ट दिशानिर्देश न होने की वजह से निजी अस्पतालों पर कोई रोक-टोक नहीं है। इससे गरीब और मध्यम वर्गीय लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

### तापमान में गिरावट के साथ बढ़ी ठंड, प्रदूषण में नहीं हुआ सुधार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश में प्रदूषण के साथ ठंड में भी इजाफा शुरू हो गया है। दिल्ली एनसीआर समेत उत्तर भारत में प्रदूषण ठंड के साथ-साथ प्रदूषण में भी बढ़ोतरी हो रही है। दिल्ली में प्रदूषण स्तर लगातार खराब श्रेणी में ही बना हुआ है तो वहीं उत्तर प्रदेश में भी कुछ ऐसी ही स्थिति है। वहीं बात करें ठंड की तो तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज की गई है। दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, पंजाब और राजस्थान समेत विभिन्न राज्यों में ठंडी हवाओं के साथ दिन में भी कंपकंपी छूटने जैसी स्थिति बनी हुई है। प्रदूषण की खराब श्रेणी से जूझ रहे देशवासी अब ठंड का भी सामना कर रहे हैं। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि दो दिन और शीत लहर का दौर जारी रहने वाला है। पिछला रिकॉर्ड देखें तो सात दशकों में सात बार शीत लहर चली है और वो भी सिर्फ एक-एक दिन के लिए जबकि इस साल यह स्थिति तीन दिन के लिए बन रही है। मौसम विज्ञान का कहना है कि इस बार नवंबर महीने में ही काफी सर्दी पड़ रही है।

### छठ पूजा के आखिरी दिन उगते सूर्य को भक्तों ने दिया अर्घ्य



**नई दिल्ली, एजेंसी।** छठ महापर्व के चार दिन के अनुष्ठान के आखिरी दिन शनिवार को छठव्रतियों ने नदियों पर पहुंचकर सुबह सूर्य की पूजा करके परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इस साल कोरोना महामारी के कारण लोग काफी सतर्कता बरत रहे हैं। राज्य सरकारों ने भी इसे गंभीरता से लेते हुए सतर्कता बरतने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। कोरोना महामारी ने इस बार सभी त्योहारों को प्रभावित किया है, इसके बावजूद छठ पूजा पर लोगों ने उसी उत्साह के साथ त्योहार मनाया। देश के विभिन्न हिस्सों से छठ पूजा की जो तस्वीरें सामने आ रही हैं उनमें छठव्रतियों में त्योहार को लेकर खासा उत्साह नजर आ रहा है। दिल्ली और मुंबई में छठ पूजा के आखिरी दिन भक्तों ने सुबह सूर्य को अर्घ्य देकर अपनी पूजा संपन्न की। इस दौरान लोग कोरोना को लेकर खास सतर्कता बरत रहे हैं और सरकार की तरफ से जारी दिशा-निदेर्शों का भी पूरा ख्याल रख रहे हैं। शनिवार सुबह वाराणसी में घाट पर पहुंचकर भक्तों ने पूजा-अर्चना की। गंगा घाट पर काफी संख्या में लोग नजर आए। छठ पूजा में सूरज अर्घ्य देना आवश्यक होता है और इसके छठव्रती पानी में डुबकी लगाते हैं। बिहार में सूर्योदय के साथ अलग-अलग जिलों में सूर्य को अर्घ्यदान किया गया। लोग घाटों पर जाकर सूर्य को अर्घ्य दे रहे हैं तो वहीं कई भ्कत घर पर ही पूजा-अर्चना कर रहे हैं।

## नगरोटा आतंकी साजिश पर भारत सख्त, पाकिस्तानी उच्चायोग के अधिकारी को किया तलब

**नई दिल्ली, एएनआइ।** नगरोटा मुठभेड़ को लेकर भारत ने सख्त रवैया अपनाया है। इसे लेकर विदेश मंत्रालय ने नई दिल्ली स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग के अधिकारी को तलब कर कड़ी आपत्ति जताई है। विदेश मंत्रालय ने इस पर अपना बयान जारी करते हुए कहा कि भारत ने पाकिस्तान को उसके सरजमीं पर चल रहे आतंकी गतिविधियों को बंद करने को लेकर कड़ी चेतावनी दी है। बता दें कि जम्मू कश्मीर के नगरोटा में गुरुवार को मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा बलों ने बड़ी मात्रा में हथियारों और गोला-बारूद के साथ घाटी में घुसने की कोशिश कर रहे जैश ए मुहम्मद के चार आतंकियों को मार गिराया था। बाद में इसके पीछे 26/11 जैसे आतंकी हमले की साजिश का पदार्फाश हुआ।

साजिश उजागर होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा की।। बैठक के बाद ट्वीट कर प्रधानमंत्री ने सुरक्षा बलों की सतर्कता की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक प्रक्रिया बाधित करने के खतरनाक मंसूबे फिर नाकाम कर दिए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट में कहा कि जैश ए मुहम्मद से जुड़े चारों आतंकियों के मारे जाने और उनके पास बड़ी मात्रा में हथियारों और गोला-बारूद की मौजूदगी उनके खतरनाक मंसूबों का साफ संकेत देती है, लेकिन सुरक्षा बलों की सतर्कता ने उनके मंसूबों को ध्वस्त कर दिया।

उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार, बैठक में प्रधानमंत्री ने साफ कर दिया कि जमीनी स्तर पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया बाधित करने के पाकिस्तान के मंसूबों को किसी भी हालत में सफल नहीं होने देना चाहिए और इसके लिए सुरक्षा एजेंसियों को हरसंभव कदम उठाने चाहिए। उन्होंने इस सिलसिले में सभी सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल की जरूरत पर भी बल दिया। शायद यही वजह है कि बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, रॉ प्रमुख सामंत गोयल, आइबी प्रमुख अरविंद कुमार, विदेश सचिव और गृह सचिव के अलावा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

मालूम हो कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में पहली बार जिला विकास परिषदों (डीडीसी) के चुनाव होने जा रहे हैं और इसे जमीनी स्तर पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया शुरू करने की दिशा में काफी अहम माना जा रहा है। जाहिर है पाकिस्तान किसी भी स्थिति में घाटी में लोकतांत्रिक जड़ों को मजबूत नहीं होने देना चाहता। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार गुरुवार को जम्मू में मारे गए जैश ए मुहम्मद के चारों आतंकी डीडीसी चुनावों को बाधित करने के उद्देश्य से ही घाटी में जा रहे थे और मुंबई हमले की बरसी पर उनकी घाटी में बड़े हमले की साजिश थी।

## श्रम और कृषि में सुधार के बाद मोदी सरकार अब बैंकिंग सुधारों पर लेगी कड़े फैसले




**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली।** श्रम कानूनों और कृषि क्षेत्र में कई वर्षों से अटके सुधारों पर हाल के दिनों में दो टूक फैसला करने के बाद केंद्र सरकार अब बैंकिंग सुधारों पर फैसला करने जा रही है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) के आंतरिक कार्यदल ने बैंकों के होल्डिंग पैटर्न (मालिकाना हक संबंधी हिस्सेदारी) में बदलाव को लेकर जो सिफारिशें की हैं वे केंद्र सरकार के वृहत बैंकिंग सुधार का ही हिस्सा हैं।

केंद्र सरकार पहले से ही सरकारी क्षेत्र के बैंकों में बड़े बदलाव के एजेंडे पर काम कर रही है। देश की बढ़ती इकोनॉमी के हिसाब से विशाल आकार के बैंक स्थापित करने के लिए सरकार की कोशिशों को आरबीआइ कार्यदल के सुझावों से मदद मिलेगी। इसके आधार पर सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के कुछ बैंकों के निजीकरण को लेकर भी आगे बढ़ सकती है। आरबीआइ कार्यदल की सिफारिशों में भारत में बड़े और व्यापक पूंजी आधार वाले बैंकों की जरूरत पर खास तौर पर जोर दिया गया है। इसकी वजह से ही यह सिफारिश की गई है कि भारत के बड़े औद्योगिक घरानों को भी बैंकिंग सेक्टर में उतरने में ज्यादा आजादी मिलनी चाहिए। इस संदर्भ में मौजूदा नियमों में कई तरह के संशोधन की सिफारिश की गई है। इस बारे में तर्क देते हुए यह रिपोर्ट कहती है, 'दिसंबर, 2019 तक दुनिया के शीर्ष 100 बैंकों में भारत का एकमात्र बैंक एसबीआइ (भारतीय स्टेट बैंक) है। इस सूची में सौवें स्थान पर स्पेन का बैंका दी साबादेल है जिसका पूंजी आधार 18 लाख करोड़ रुपये का है। जबकि एसबीआइ के बाद भारत के चारों बड़े बैंकों का पूंजी आधार बैंका दी साबादेल से बहुत ही कम है।'

वर्ष 2014 से राजग सरकार के बैंकिंग नियमों को देखें तो साफ हो जाता है कि इसके कार्यकाल में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का आपस में विलय करके उन्हें एक मजबूत बैंक बनाने के लिए लगातार फैसले हुए हैं। सितंबर, 2019 में सरकारी क्षेत्र के 10 बैंकों को मिलाकर चार बैंकों में तब्दील करने का फैसला किया गया। अप्रैल, 2020 से विलय प्रक्रिया लागू की गई। इसके पहले बैंक आफ बड़ौदा में देना बैंक और विजया बैंक के विलय और एसबीआइ में इसके सभी सब्सिडियरी बैंकों को मिलाने का फैसला भी राजग सरकार के कार्यकाल में किया गया था। इसी बीच, सरकारी क्षेत्र के आइडीबीआइ बैंक में सरकार ने अपनी अहम हिस्सेदारी भारतीय जीवन बीमा निगम को बेच दी थी। अब आइडीबीआइ बैंक में सरकार अपनी मौजूदा 47 फीसद हिस्सेदारी भी घटाने का रास्ता तलाश रही है।

वित्त मंत्रालय में इस बारे में लगातार विमर्श चल रहा है। वित्त मंत्रालय की दूसरे संबंधित मंत्रालयों और नियामक एजेंसियों से भी बातचीत हो रही है। प्रधानमंत्री कार्यालय भी बैंकिंग सेक्टर में बड़े सुधारों का समर्थक है। निजी क्षेत्र के मौजूदा बैंकों को बड़े पैमाने पर विस्तार करने और बड़े औद्योगिक घरानों को बैंकिंग सेक्टर में उतरने की इजाजत देना इस एजेंडे का अहम हिस्सा होगा। अभी सार्वजनिक क्षेत्र के तीन ऐसे बैंक हैं जिनमें सरकार अपनी इक्विटी बेचने को इच्छुक है। इनमें बैंक ऑफ महाराष्ट्र, पंजाब व सिंध बैंक और यूको बैंक हैं। आइडीबीआइ बैंक में भी सरकार अपनी हिस्सेदारी बेचकर बाहर निकलना चाहती है। इन चारों बैंकों के बारे में जल्द ही बड़े अहम अहम फैसले किए जाने के आसार हैं।

### संक्षेप

### काढ़ा और गर्म पानी से होगी स्वयंसेवकों के दिन की शुरूआत

**प्रयागराज।** गौहनिया में होने वाली आरएसएस की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक में सुरक्षा के साथ ही कोविड-19 से बचाव के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। आयोजन स्थल वशिष्ठ वात्सल्य कॉलेज में ही सभी पदाधिकारियों के ठहरने का भी इंतजाम है। बैठक रविवार से शुरू होगी। व्यवस्था में लगे करीब 40 स्थानीय कार्यकर्ता व पदाधिकारियों का कोविड-19 टेस्ट भी कराया जा चुका है। अब सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी बैठक समाप्त होने के बाद ही वहां से निकल सकेंगे। सूत्रों के अनुसार अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक में शामिल होने वाले सभी पदाधिकारियों को दोनों समय आयुर्वेदिक काढ़ा दिया जाएगा। पीने के लिए गर्म पानी की व्यवस्था रहेगी। सुबह शाम स्नान के लिए भी गर्म पानी का इंतजाम किया गया है। भोजन सादा रखा गया है। चाय और काफी का भी बंदोबस्त रहेगा।
दो दिन की बैठक में कुल छह सत्र होंगे कार्यकारी मंडल की बैठक में कुल छह सत्र होंगे। उद्घाटन सत्र सुबह 9 बजे से होगा। उसके बाद तीन और सत्र होंगे। सोमवार को सिर्फ दो सत्र रखे गए हैं।

## फर्नीचर दुकानदार हत्याकाण्ड का खुलासा, भाई ने दी थी सुपारी

### सोरांव : फर्नीचर दुकानदार की हत्या करने के लिए भाई ने दी थी 50 हजार रुपए की सुपारी, पुलिस ने भाई संग चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर किया खुलासा

**सोरांव के चमनबाग रईया गांव का है मामला, खुलासे में एसआई विनय शुक्ला एवं इंदल यादव की है अहम भूमिका**

**हत्या के प्रयास के मामले का शूटर पुलिस की पकड़ से दूर, तलाश है जारी**



सुपारी देने वाले भाई संग चार को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सोरांव।** पिछले दिनों सोरांव में फर्नीचर दुकानदार के सिर में बदमाशों द्वारा गोली मारी गई थी। गोली मारने के मामले में पुलिस ने उसके सगे भाई द्वारा बदमाशों को हत्या किए जाने की सुपारी 50 हजार रुपए में दी थी। पुलिस ने खुलासा करते हुए सुपारी देने वाले समेत चार लोगों को पुलिस तमंचा-कारतूस, दस हजार रुपए नगद, बाइक समेत मोबाइल बरामद कर खुलासा किया है। जबकि सुपारी लेने वाला शूटर पुलिस की पकड़ से फरार चल रहा है। जिसकी तलाश में लगातार पुलिस हर संभावित स्थानों पर दबिश दे रही है। लेकिन वह पुलिस की पकड़ से दूर है।

बतादें कि थाना सोरांव चमनबाग मजरा रइया गांव निवासी मजरूब आरिफ पुत्र रियाजुद्दीन को पिछले दिनों बदमाशों द्वारा सिर में गोली मारकर हत्या किये जाने का प्रयास किया गया था। पुलिस घटना के बाद से ही आरिफ को गोली मारने वालों की तलाश में जुट गई थी। शनिवार को पुलिस ने मामले में चार अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए मामले का खुलासा किया है। पुलिस के मुताबिक आरिफ एवं उसके छोटे भाई इरफान से दुकान को लेकर विवाद चल रहा था। दुकान के विवाद को लेकर इरफान अपने बड़े भाई आरिफ की हत्या करने के लिए 50 हजार रुपए की सुपारी दे दी। हत्या की सुपारी में 20 हजार रुपए नगद रकम दी गई। सोरांव एसआई इंदल यादव, एसआई संतोष कुमार सिंह, एसआई विनय कुमार शुक्ला, एसआई गिरीश चंद्र राय अपनी टीम में हे0 कां0 प्रेम शंकर एवं राजेश कुमार एवं कांस्टेबल मुकेश कुमार एवं सत्येंद्र कुमार की टीम लगातार अभियुक्तों में साहिल उर्फ राजा पुत्र गुड्डन निवासी बरेज थाना सोरांव, नूरआलम उर्फ नाना पुत्र फुन्नू एवं मो0 आदिल पुत्र मंसूर निवासीगण शेखाना मोहल्ला सोरांव के साथ सुपारी देने वाले इरफान पु. रियाजुद्दीन निवासी चमनबाग थाना सोरांव को शुक्रवार की रात होलागढ़ मोड़ से गिरफ्तार करते हुए मामले का खुलासा किया है। जबकि पुलिस ने पकडे.गये अभियुक्तों के पास से सुपारी में प्राप्त 10 हजार रुपए नगद, तमंचा एवं कारतूस, बाइक एवं मोबाइल बरामद करते हुए खुलासा किया है। घटना मामले का शूटर राजू पुत्र कल्लू निवासी पड़िला थाना थरवई की तलाश में पुलिस ताबड़तोड़ दबिश दे रही है। फिलहाल शूटर पुलिस की गिरफ्त से दूर है।

### सोरांव के आरिफ की हत्या के प्रयास मामले का शूटर पुलिस की पकड़ से दूर, तलाश जारी

**मामले का खुलासा करने में एसआई विनय शुक्ला एवं इंदल यादव की है अहम भूमिका**

फर्नीचर दुकानदार मजरूब आरिफ को गोली मारने के मामले का खुलासा करने में एसआई इंदल यादव एवं विनय कुमार शुक्ला द्वारा काफी मशक्कत किया गया है। आरिफ को गोली मारने के मामले का खुलासा होने पर पुलिस के कार्यों को लोगों ने सराहा है। हत्या के प्रयास के मामले का शूटर राजू पुत्र कल्लू निवासी पंड़िला थाना थरवई अभी पुलिस की पकड़ से दूर है। पुलिस ने बताया कि शूटर राजू की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। जल्द ही उसे भी गिरफ्तार किया जाएगा। और ही मामले का खुलासा होने की संभावना जताई जा रही है।

**छोटे भाई ने बड़े भाई को मारने के लिए दी थी 50 हजार रुपए की सुपारी**

सोरांव के चमनबाग रईया गांव में पिछले दिनों आरिफ के सिर में गोली मारकर हत्या करने का प्रयास किया गया था। जिस मामले का खुलासा करने के लिए पुलिस लगातार हर बिन्दुओं पर जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस की जांच-पड़ताल में भाई इरफान द्वारा 50 हजार रुपए की सुपारी देकर भाई आरिफ की हत्या करवाने का प्रयास किया गया है। सुपारी में बदमाशों को दो किश्तों में 20 हजार रुपए दी जा चुकी है। जबकि पुलिस ने दूसरी किश्त 10 हजार बरामद करते हुए मामले का खुलासा कर दिया। मामले का शूटर राजू पुलिस की पकड़ से दूर है। जिसकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

## बिजली विभाग के जेई बन वसूली करने वाले छः धराये

**ग्रामीणों की सूझबूझ से पकड़ में आये जालसाज**

**अवर अभियंता ने पुलिस को दी तहरीर**

**हनुमानगंज।** मीटर लगाने और अवैध विद्युत कनेक्शन धारियों को धमका कर अपने को बिजली विभाग की विजलेंस टीम व जेई बताकर अवैध वसूली करने वाले छः लोगों की टीम ग्रामीणों की सूझबूझ से पुलिस के हत्थे चढे.। सरायइनायत थाना क्षेत्र के हबूसा मोड़ स्थित 33/11 के वीए पावर हाउस के पास पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शनिवार को कैम्प लगा था जिसमें विभाग के आला अफसर मौजूद थे, लगभग एक बजे विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों से सरायरहिया गाँव के लोगों ने फोन कर पूछा कि क्या जेई साहब बदल गये, क्या गाँव में विजलेंस की टीम आयी है इस पर विभागीय अधिकारियों के पैर के नीचे की जमीन खिसक गयी. यह जानकारी होने पर कि यह पूरी टीम फर्जी है तब ग्रामीणों ने उन लोगों को बहकाये रखी. फर्जी टीम गाँव में अवैध कनेक्शन धारियों पर रोब गांठ कर पैसा वसूलने का काम करते थे, तथा मीटर बढाने तथा लगाने के नाम पर वसूली करते थे. फर्जी टीम होने पर ग्रामीणों ने बड़ी चतुराई से उन लोगों को तब तक रोक रखा जब तक विभागीय लोगों की टीम मौके पर नहीं पहुंच गयी. ग्रामीणों ने चारों तरफ से घेर कर उन लोगों को पकड़ लिया. विद्युत विभाग के लोगों ने सभी को पावर हाउस ले आये तथा पुलिस को सौंप दिया. अवर अभियंता संतोष कुमार यादव ने थाने आकर तहरीर दी है। पकड़े गये लोगों में अजीत श्रीवास्तव निवासी कालिन्दीपुरम थाना धूमनगंज, दिवाकर शर्मा निवासी चरवा कौशाम्बी, शोभनाथ श्रीवास्तव निवासी अतरसुइया, विक्की श्रीवास्तव मीरापुर थाना अतरसुइया, रासू श्रीवास्तव निवासी अतरसुइया, निहाल सिंह निवासी बड़ा बघाडा थाना शिवकुटी शामिल हैं इनके पास से तीन विद्युत मीटर और तमाम दस्तावेज मिले जो जमुनापर क्षेत्र का मिला. पकड़े गये आरोपियों के पास एक राजस्व निर्धारण पुस्तिका भी मिली जो विभाग के अधिशाषी अभियंता के क्षेत्राधिकार में होती है. पकड़े गये आरोपी के पास से तीन बाइक भी पकड़ी गयी।

## आबकारी विभाग ने कई दुकानों से लिया सैम्पल



देशी शराब दुकान का निरीक्षण करते आबकारी इंस्पेक्टर मैथली शरण सिंह

**कोरांव।** फूलपुर में शराब पीने से पांच लोगों की मौत व कई लोगो का अस्पताल में उपचार चल रहा है। जिसको देखते हुए आबकारी विभाग की टीम ने कोरांव के कई देशी शराब दुकानो का सैम्पल लेकर जांच के लिए भेज दी है। आबकारी इंस्पेक्टर मैथली शरण सिंह व उपनिरीक्षक संजय सोनकर ने क्षेत्र के सेमरिया बड़ोखरा, बड़ोखर, भौगन, गाढ़ा सहित कई दुकानों का देशी पौआ का सैम्पल लेकर जांच हेतु भेजी है। आबकारी इंस्पेक्टर मैथली शरण सिंह ने कहा कि कोई भी दुकानदार मिलावटी शराब की बिक्री या अधिक रेट में बेचता है तो शिकायत मिलने पर उनके विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।

## 21 घरों से पकड़ी गई कटियामारी रिपोर्ट दर्ज

**नैनी।** इंदलपुर उपकेंद्र से जुड़े क्षेत्रों में शनिवार सुबह विद्युत विभाग व प्रवर्तन दल की संयुक्त टीम ने बिजली चोरों के खिलाफ ताबड़तोड़ अभियान चलाते हुए 21 लोगों के घरों से रंगे हाथ कटियामारी को पकड़ा। सभी के खिलाफ संबंधित थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। जानकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन निगम लिमिटेड की ओर से जारी बिजली चोरों के खिलाफ अभियान के तहत शनिवार तड़के सुबह स्थानीय बिजली विभाग के उपखंड अधिकारी दिनेश प्रसाद, जेई राघवेंद्र सिंह एवं प्रवर्तन दल के प्रभारी जनार्दन यादव और अवर अभियंता आनंद कुमार पांडेय, सिपाही मान सिंह, समीम सहित इंदलपुर उपकेंद्र के समस्त कर्मचारी उक्त उपकेंद्र से जुड़े क्षेत्रों में बिजली चोरों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान बिजली चोरों में भारी हड़कंप मचा रहा। वहीं संयुक्त टीम ने 21 घरों से रंगे हाथ कटियामारी को पकड़ा। जिस पर उन सभी लोगों के खिलाफ इंदलपुर उपकेंद्र में स्थापित संबंधित थाने में बिजली अधिनियम धारा 135 के तहत रिपोर्ट दर्ज कराया गया है।

## कच्ची शराब के अड्डे पर पुलिस का छापा, दर्जनों भट्ठियां तोड़ी, दस कुंतल लहन किया नष्ट



अवैध शराब की कार्रवाई के दौरान लहन नष्ट करती पुलिस

**घूरपुर।** घूरपुर थाने की करमा चौकी पुलिस ने शनिवार को हथिगनी गांव में अवैध शराब बनाने वालों पर कार्रवाई करते हुए कई शराब की भट्ठियों को तोड़ लहन नष्ट कर दिया।

फूलपुर मे जहरीली शराब पीने से पांच लोगो की मौत के बाद अवैध शराब के खिलाफ पुलिस ने अभियान चला दिया है। शनिवार के दिन चौकी इंचार्ज अखिलेश कुमार सिंह व गौहनिया चौकी इंचार्ज शिव प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल हथिगनी गांव में बन रही अवैध शराब के अड्डों पर छापेमारी की तो भगदड़ मच गया । कारोबारी भाग निकले। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दर्जनों भट्ठियों सहित शराब बनाने के उपकरण तोड़ दिया तथा दस कुंतल से अधिक लहन नष्ट कर दिया। शराब माफियाओं ने बड़ी बड़ी पॉलीथिन में भरकर महुए को सड़ाने के लिये जमीन में छुपा रखा था जिसे बाहर निकालने के लिए पुलिस को जेसीबी बुलाना पड़ा। चौकी इंचार्ज ने बताया कि अवैध शराब बनाने वालों को चिन्हित किया जा रहा है और उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।


## हवन पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुई पांच दिवसीय राम कथा

**करछना।** मानस प्रचारिणी समिति देवरी कलाँ की ओर से जन कल्याण हेतु चल रही पांच दिवसीय श्री राम कथा के समापन पश्चात शनिवार को हवनो पश्चात पुणार्हुति हुई । सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज के संगीतज्ञ राम भोर मिश्र अपने साथियों सहित शुक्रवार की रात्रि में भजन संध्या के साथ लोगों को जागरण भी कराया। जिसमें भक्त श्रोता लोगों की भीड़ रही । वहीं श्रोता लोग भजन संध्या पर मंत्र मुग्ध भी रहे। वही आयोजक व संयोजक तथा व्यवस्थापक की ओर से मानस मर्मज्ञ जय प्रकाश मिश्र चंचरीक महाराज जी का माल्यार्पण व स्वागत अभिनंदन के साथ अंग वस्त्रम भेंट कर विदाई की गई । साथ ही साथ मानस प्रवचन के सभी आचार्यों का अभिनंदन माला फूल के साथ अंगवस्त्रम प्रदान कर आशीर्वाद ग्रहण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य व्यवस्थापक देवरी कला गांव के ग्राम प्रधान मिथिलेश कुमार द्विवेदी ने मानस मर्मज्ञ सहित अन्य आचार्य लोगों सहित सांस्कृतिक केंद्र के सांस्कृतिक मर्मज्ञ राम भोर मिश्र का स्वागत व अभिनंदन के सहित शाल भेट कर सम्मानित किया गया । इस मौके पर कमलेश द्विवेदी, मिथिलेश द्विवेदी, प्रधान रमाशंकर पाण्डेय, जयकृष्ण द्विवेदी, आलोक पाण्डेय, विजय शंकर गुप्ता, बुल्ले पाठक, भोलेशंकर द्विवेदी, हरिकृष्ण पुजारी, ओमू, हेमू, सोलू, रामभोर, शोभनाथ आदि लोग मौजूद थे।



हवन पूजन करते लोग

## आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत आज प्रयागराज में, राष्ट्रीय कार्यकारी मंडल की बैठक में होंगे शामिल



**प्रयागराज।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ आरएसएस के सर संघ चालक मोहन भागवत आज प्रयागराज के गौहनिया में होंगे राष्ट्रीय कार्यकारी मंडल (पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र) की प्रयागराज में बैठक मैं शामिल होंगे। बैठक आज यानी रविवार को गौहनिया मे होगी। इस बैठक में शामिल होने के लिए शनिवार की रात में आरएसएस के सर संघ चालक मोहन भागवत प्रयागराज पहुंचेंगे। वहीं सर कार्यवाह सुरेश भैया जी जोशी व सह सर कार्यवाह डॉक्टर कृष्ण गोपाल का प्रयागराज में आगमन हो चुका है। गौहनिया में होने वाली दो दिवसीय बैठक में शामिल होने के लिए अन्य पदाधिकारी में आ रहे हैं। वह दिन में ही प्रयागराज पहुंच जाएंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भी आने की संभावना जताई जा रही है। इसके पहले लखनऊ में हुए आयोजन में भी संघ प्रमुख से मिलने मुख्यमंत्री योगी पहुचे थे। 2019 में आयोजित शाखा कुंभ में भी जब संघ प्रमुख आये थे तो मुख्यमंत्री भी उनसे मिलने आए थे। यही वहज है कि फिर कयास लगाया जा रहा है कि मुख्यमंत्री संघ प्रमुख से मिलने प्रयागराज आ सकते हैं।

सर संघ चाक के आने का प्रोटोकॉल स्थानीय प्रशासन को मिल चुका है लेकिन सुरक्षा कारणों से गोपनीयता बरती जा रही है। जबकि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का प्रोटोकॉल नहीं आया है। संघ प्रमुख 23 नवंबर की दोपहर तक प्रयागराज में रहेंगे। सूत्रों के अनुसार कुल आठ सत्र में दो दीनी बैठक हो सकती है। पहले दिन पांच सत्र व दूसरे दिन 3 सत्र हो सकते हैं। आखिरी सत्र में ही संघ प्रमुख का मुख्य संदेश जारी होगा। उससे पहले पदाधिकारियों के कार्यों की समीक्षा के साथ ही उन्हें नए लक्ष्य दिए जयेगे।

## परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की मिशन प्रेरणा बैठक संपन्न

**प्रयागराज।** विकास खंड उरुवा के खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एबीएसए उरुवा बलिराम की अध्यक्षता में ब्लॉक के सभी एआरपी व समस्त विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों/ इ.प्रधानाध्यापकों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। कार्यशाला में सभी की शत प्रतिशत उपस्थिति रही। बैठक की शुरूआत करते हुए एआरपी(विज्ञान) सुनील शुक्ला ने उपस्थित सदस्यों को मिशन प्रेरणा के उद्देश्यों और निर्धारित लक्ष्यों को याद दिलाते हुए उसकी सम्प्राप्ति हेतु सबके द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की तथा यह प्रेरणा भी दी कि इसी तरह सभी लोग मिशन मोड़ पर कार्य करते हुए माहवार निर्धारित केपीआई पूर्ण करते हुए मिशन को गति प्रदान करें ताकि समय से सभी लक्ष्य प्राप्त हो सके तथा तस्थ दीक्षा एप्प एवं रीड अलोंग एप्प के निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया। एबीएसए उरुवा बलीराम ने सभी सदस्यों को इस बात से आश्वस्त किया कि वे अपने दायित्वों को पूर्ण निष्ठा के साथ पूर्ण करें। बैठक में प्रधानाध्यापकों को प्रेरणा लक्ष्यों के प्रति जागरूक करते हुए उनकी ससमय सम्प्राप्ति हेतु कार्ययोजना पर चर्चा की गई। इसके साथ ही ई-पाठशाला की सक्रियता और उसकी पहुँच अधिकाधिक छात्रों तक करने एवं उसकी सतत समीक्षा करते रहने पर बल दिया गया। इसी प्रकार दीक्षा एप्प को छात्रों/ अभिभावकों द्वारा डाउनलोड कराए जाने विषयक विभाग की मुहिम ₹एच ऑन रीच टेन₹ पर चर्चा कर उसके लिए सम्यक प्रयत्न पर बल दिया गया और साथ ही रीड अलांग एप्प को पार्टनर कोड के साथ डाउनलोड करवाने और उसकी उपयोगिता को अभिभावकों को बताने के लिए भी प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा प्रत्येक एआरपी को एक महीने में 30 विद्यालयों का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण करना अनिवार्य किया गया है और उसकी ऑनलाइन फीडिंग उन्हें तुरंत करना पड़ता है। जिसका हमारे ब्लॉक के चारों एआरपी पूर्ण निष्ठा एवं लगन के साथ कार्य कर रहे है तथा सभी एआरपी सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के निर्धारित लक्ष्यों को सही तरीके से पूरा करने हेतु लगें हुए है। खंड शिक्षा अधिकारी उरुवा ने ब्लॉक के चारों एआरपी के कार्यों की तारीफ की और उनके द्वारा मिशन कायाकल्प की भी समीक्षा की गई। बैठक में उपस्थित सभी शिक्षक संकुलों व प्रधानाध्यापकों/ इ.प्रधानाध्यापकों को एआरपी उरुवा सुनील शुक्ला (विज्ञान), राजेश मिश्रा (गणित), प्रीतम दास (सा.विज्ञान) आदि रहे।



महिला शक्ति जिला कार्यालय का उद्घाटन करते हुए

## विधवा महिलाओं को मिलेगा जीवन पेंशन

**लालापुर।** महिला शक्ति जिला कार्यालय का उद्घाटन हुआ उद्घाटन में शनिवार को बुंदेलखंड अध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह ने उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष शंकरलाल पांडे, जिला उपाध्यक्ष होरीलाल केसरवानी, जिला सचिव शैलेंद्र पांडे, जिला सलाहकार हनुमान जी, ब्लॉक अध्यक्ष शंकरगढ़ अंकित त्रिपाठी, डाक उपाध्यक्ष सुमेश शुक्ला, जिला अध्यक्ष चित्रकूट गिरिधर द्विवेदी आदि मौजूद रहे।कार्यक्रम में बुंदेलखंड अध्यक्ष ने बताया की विधवा माता एवं बहनों को आजीवन पेंशन,आवास, बच्चों की शिक्षा, बिजली, पानी,यात्रा सब फ्री की सुविधा दी जाएगी। संगठन के कार्यकताओं को भी मानदेय दिया जाएगा।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शंकर लाल पांडे ने कहा कि नारी की कोमलता एवं सहनशिलता को कई बार पुरुष ने उसकी निर्बलता मान लिया और इसलिए उसे अबला कहा किन्तु वो अबला नहीं है वो तो सबला है, पुरुष वर्ग शायद ये नहीं जानते की उसकी इसी कोमलता एवं सहनशीलता में ही मानव जीवन का अस्तित्व संभव है, क्या माँ के सिवाय संसार में ऐसी कोई हस्ती है जो उसी वात्सल्य और प्रेम से शिशु का लानन-पालन कर सके जैसे की माँ करती है।

## सुलग रही अवैध शराब की भट्ठियों पर पुलिस ने चलाया लाठी

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के अरैल गांव में एक बार फिर पुलिस फूलपुर में घटित वारदात के बाद अवैध शराब की भट्ठियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में बरामद लहन को वहीं पर नष्ट कर दिए। जबकि तीन तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 45 लीटर शराब को बरामद करते हुए नैनी कोतवाली उठा लाए।

जानकारी के मुताबिक फूलपुर में घटित वारदात के बाद नैनी कोतवाली से संबंधित पुलिस अरैल गांव में पहुंची और वहां सुलग रही शराब की करीब एक दर्जन अवैध भट्ठियों पर कार्रवाई करते हुए लाठी के वार से मारकर धराशायी कर दिए।जबकि मौके पर ही लगभग लगभग आठ कुंतल लहन को बरामद करते हुए वही नष्ट कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक 45 लीटर महुए से निर्मित अवैध शराब के साथ अरैल गांव के ही रहने वाले चंदन निषाद, अजीत निषाद व गल्ला मंडी, चक रघुनाथ निवासी रामजी पटेल को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ आबकारी विभाग अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान क्षेत्राधिकारी करछना सोमेंद्र मीणा, नैनी इंस्पेक्टर जीतेंद्र सिंह, एसएसआई राम आशीष यादव, अरैल पुलिस चौकी प्रभारी अयोध्या प्रसाद मौजूद रहे।



लहन नष्ट करती आबकारी पुलिस

# प्रयागराज हलचल

प्रयागराज रविवार, 22 नवम्बर, 2020

## संक्षेप समाचार

### मतदान दिवस को मतदान समाप्ति के नियत समय से 48 घण्टे पूर्व एवं मतदान समाप्त होने तक आबकारी एवं मादक वस्तुओं की दुकानें रहेगी बंद

**प्रयागराज।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी भानु चन्द्र गोस्वामी इलाहाबाद-झांसी खण्ड स्नातक निर्वाचन-2020 हेतु मतदान दिवस दिनांक 01.12.2020 को मतदान समाप्ति के नियत समय से 48 घण्टे पूर्व से मतदान समाप्त होने तक जनपद प्रयागराज में लोक शान्ति को बनाये रखने, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक मतदान कराये जाने के उद्देश्य से आबकारी दुकानों की बन्दी एवं मादक वस्तुओं के उपभोग को प्रतिबंधित/नियंत्रित करने हेतु संगत नियमावली एवं लाइसेंस शर्तों के अधीन कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने एवं अवैध मदिरा की तस्करी पर भी प्रभावी अंकुश लगाये जाने के निर्देश दिये है। जिला मजिस्टेज्ट ने जिला आबकारी अधिकारी को मतदान दिवस दिनांक 01.12.2020 को मतदान समाप्ति के नियत समय से 48 घण्टे पूर्व से मतदान समाप्त होने तक आबकारी दुकानों की बंदी के आदेश का कड़ाई से पालन अनुपालन सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया है।

### 50 रुपये में जंक्शन पर होगी बैग की रैपिंग

**प्रयागराज।** प्रयागराज जंक्शन पर यात्रियों को बैग सेनेटाइजेशन व बैग रैपिंग की सुविधा भी मिलेगी। शुक्रवार से सुविधा को शुरू किया गया है। कोरोना महामारी से बचाव के लिए बैग का सेनेटाइजेशन 10 रुपये में होगा और रैपिंग 50 रुपये में की जाएगी। इसके लिए यात्रियों को जागरूक किया जा रहा है। डीआरएम मोहित चंद्रा के निर्देश के बाद शुरू हुई इस सुविधा के तहत एक दिन में दो हजार बैगों का सेनेटाइजेशन किया जाएगा व अधिकतम 500 बैग की रैपिंग हो सकेगी। इस दौरान सीनियर डीसीएम अंशु पांडेय्र, स्टेशन निदेशक अनुपम सहित अन्य अफसर मौजूद रहे।

## जहरीली शराब से मरने वालों की बढ़ रही संख्या

### अमिलिया गांव बना छावनी, डटे रहे गंगापार- यमुनापार के अधिकारी, मंडलायुक्त व एडीएम प्रशासन ने लिया जायजा

**फूलपुर।** फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के अमिलिया गांव में हुई जहरीली शराब से मौत के बाद प्रशासनिक अधिकारी गांव में जमे हुए हैं। रात से पर ही वह गमगीन परिवारों को आश्वासनों की घुट्टी पिला रहे हैं। क्षेत्र में किसी भी प्रकार के धरना प्रदर्शन व अनहोनी को लेकर अधिकारी पहले से ही सतर्क हैं। जिलाधिकारी ने फूलपुर में पहले ही तैनात क्षेत्राधिकारी अजीत कुमार रजक व उप जिलाधिकारी विवेक चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारियों की ड्यूटी उक्त क्षेत्र में लगा दी है। उच्च अधिकारियों ने अमिलिया गांव में फूलपुर, बहरिया, थरवई, हण्डिया, सराय ममरेज, सहित अन्य थानों की पुलिस व पीएसी बल को पहले से ही तैनात कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि प्यारे लाल बिंद, बसंत लाल पटेल, शंभू मौर्या, राजबहादुर हरिजन, महेंद्र बनवासी, राजेश गौड़, रामजी मौर्य की मौत अमिलिया तिराहे पर स्थित सरकारी ठेका देसी शराब की दुकान से शराब पीने के कारण हुई। स्थानीय लोगों ने बताया कि गांव में पहुंचे अफसरों ने मृतक के परिजनों से यह कहकर शव को ले गए की पोस्टमार्टम के बाद शव को उन्हें सुपुर्द कर दिया जाएगा। उधर पुलिस ने ठेका शराब की दुकान की विक्रेता संगीता देवी, श्याम बाबू जायसवाल, कन्हैया लाल तथा दो सेल्समैन को गिरफ्तार करने की बात कह रही है। जिन पर मुकदमा भी पंजीकृत हो चुका है। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए अधिकारियों ने आरोपियों के घरों एवं दुकानों को सील कर दिया है।



फूलपुर के अमिलिया गांव में जुटा प्रशासनिक अमला

### शातिर श्याम बाबू पर लगा अवैध मादक पदार्थों को बेचने का आरोप

फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के अमिलिया गांव में सरकारी देशी शराब की दुकान से खरीदी हुई शराब पीकर मरने वालों मृतकों के परिजनों ने बताया कि जहरीली शराब कांड का मुख्य आरोपी श्याम बाबू जायसवाल जो क्षेत्र के अगरापट्टी गांव का निवासी है। अमिलिया तिराहे पर उसकी पत्नी संगीता देवी के नाम से शराब की दुकान पंजीकृत है। श्याम बाबू काफी अरसे से गांजा चरस की तस्करी व बिक्री करने का माहिर बताया जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि अवैध शराब बनवाने में भी माहिर श्याम बाबू जायसवाल फूलपुर पुलिस की मिलीभगत से खूब कमाई करता था। अमिलिया कोनार, मैलहन, चकरालीपुर, नन्दौत गांव जो फूलपुर के उत्तरी छोर पर स्थित होने के साथ साथ प्रतापगढ़ व जौनपुर की सीमा से सटा हुआ है। इन क्षेत्रों में पहले से ही अवैध शराब बनने की शिकायते ग्रामीण करते थे। उनका आरोप है कि क्षेत्र में इन दिनों पुलिस की सह पर अवैध शराब व जुआ का धंधा काफी दिनों से फल फूल रहा है। शिकायत के बाद भी पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती है।



अमिलिया गांव में जुटे जन प्रतिनिधि

### गांव में लगा जन प्रतिनिधियों का जमावड़ा

अमिलिया गांव में जहरीली शराब से हुई मौतों के बाद गांव में जनप्रतिनिधियों के जाने का सिलसिला शुरू हो गया है। शनिवार को कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अशफाक अहमद एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एडवोकेट देवराज उपाध्याय ने गांव में पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों के लिए शासन से दस लाख रुपए मुआवजे की मांग की। साथ ही जहरीली शराब बेचने और बनाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की भी मांग की। तत्काल कानूनी कार्यवाही करने की मांग की। इस मौके पर राम नरायण शुक्ला, बलिस्टर पटेल, रमेश दुबे,आदि लोग उपस्थित रहे। वहीं सपा की पूर्व विधायिका विजमा यादव भी अपने समर्थकों के साथ गांव में पहुंचकर मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया।

## करछना में भी पंचायत के चुनाव के समय आधा दर्जन की जान लील चुकी है जहरीली शराब

**करछना।** बीते 2010 में हुए पंचयात चुनाव के दौरान करछना क्षेत्र में आधा दर्जन लोगों की जान जहरीली शराब लील चुकी है। जबकि शराब के चलते कई लोगों के आंख की रोशनी चली गई थी। करछना के महेवा, रवनिका, भुण्डा, इसौटा, बीरपुर आदि गांवों में आधा दर्जन लोगों की जान जा चुकी है। महेवा गांव में तीन, रवनिका में 1,भुण्डा में 1 इसौटा में एक लोगों की मौत हुई थी। इसके अलावा बीरपुर और इसौटा में कई लोगों के आंख की रोशनी जा चुकी है।इन सब के बावजूद करछना क्षेत्र के कई गांवों में कच्ची शराब बनाने का धन्धा बे रोकटोक चल रहा है। 2010 में पंचायत चुनाव के समय जिला पंचायत प्रत्याशी के अलावा कई प्रधान प्रत्याशी भी वोट के लिए झारखण्ड की निर्मित जहरीली शराब बंटवाई थी। उन दिनों की यादे ताजा करते हुए पीड़ित परिवार की रूह कांप जाती है। घटना में जहरीली शराब को लाने और उसे बांटने वालो के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज हुआ था।लेकिन पीड़ित परिवार उसे अभी भी नही भुला पाये है।इसके बाद हुए 2015 में प्रत्याशी चुनाव में इससे बचने का प्रयास करते दिखे थे।

### जहरीली शराब से आठ लोगों की मौत के मामले में जिला आबकारी अधिकारी सहित चार निलंबित

**प्रयागराज।** प्रयागराज की फूलपुर तहसील में जहरीली शराब से मौत के मामले में जिला आबकारी अधिकारी सहित चार लोगों को निलंबित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जब खुद मामले को संज्ञान में लिया तो आबकारी विभाग ने आननफानन में कार्रवाई कर दी। आबकारी आयुक्त पी गुरु प्रसाद ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला आबकारी अधिकारी संदीप बिहारी मोडवेल, फूलपुर के आबकारी निरीक्षक विजय प्रताप यादव, हेड कांस्टेबल सुरेश कुमार सहित एक अन्य सिपाही को निलंबित किया गया है। इसके साथ ही जिले में सघन अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। शासन की ओर से मिले निर्देश के क्रम में पूरे जिले में अगले 15 दिनों तक सघन जांच अभियान चलाया जाएगा।

## उत्तर मध्य रेलवे में कोविड -19 के अनुरुप उचित व्यवहार हेतु जागरूकता अभियान जारी

**प्रयागराज।** वर्तमान त्यौहारी मौसम के दौरान आवश्यक यात्रा जरूरतों को पूरा करने के लिए उत्तर मध्य रेलवे में लगभग 230 जोड़ी विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं। विशेष ट्रेनों और विभिन्न स्टेशनों पर यात्रियों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर, उत्तर मध्य रेलवे ने यात्रियों और अपने कर्मचारियों को कोविड -19 से बचाने के प्रयासों को तेज कर दिया हैं।

पिछले एक महीने से पूरे उत्तर मध्य रेलवे में एक प्रभावी जागरूकता अभियान ह्लजन आन्दोलनह्व चलाया जा रहा है जिसमे लोगों को फेसमास्क के नियमित उपयोग, न्यूनतम 2 गज की दूरी बनाए रखने और हाथ की उचित स्वच्छता हेतु जागरुक किया जा रहा है। इस अभियान के तहत वर्तमान में यात्री यातायात को संभालने वाले 293 स्टेशनों और उत्तर मध्य रेलवे की 20 जोड़ी प्रारंभिक विशेष ट्रेनों में कोविड -19 के अनुरुप उचित व्यवहार हेतु पोस्टर और बैनर प्रदान किए गए हैं। इसके अतिरिक्त कोविड -19 जागरूकता के संबंध में 85 स्टेशनों पर पर उदघोषणा की जा रही है साथ ही 09 स्टेशनों पर जागरूकता क्लिप को डिजिटल माध्यम से प्रदर्शित करने के साथ ही 55000 से अधिक यात्रियों, रेलवे कर्मचारियों और अन्य व्यक्तियों को कोविड के अनुरूप उचित व्यवहार के पालन की शपथ ग्रहण कराई गई है। यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों को कोविड -19 सावधानियों से संबंधित लगभग 1.3 करोड़ एसएमएस भेजे गए हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का भी बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया गया है और कोविड -19 संबंधित सावधानियों पर लगभग 200 ट्वीट्स और 40 फेसबुक पोस्ट को जन आन्दोलन के लॉन्च के बाद से साझा किया गया है। रेल सुरक्षा बल द्वारा मेरी सहेली और जागरूकता अभियान के अलावा, उत्तर मध्य रेलवे के तीन डिवीजनों पर डोर टू डोर सर्वे सह जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे है। कोविड -19 से रेल कर्मियों के बचाव के लिए स्क्रीनिंग और प्रशिक्षण कार्यक्रम को भी जारी रखा जा रहा है। दिनांक 20.11.2020 तक 19500 से अधिक रेलवे कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों को कोविड -19 सकारात्मक मामलों की पहचान करने के लिए रेलवे अस्पतालों में चल रहे पांच अलग-अलग क्लीनिकों में स्क्रीन किया गया है। हाउस कीपिंग, पैरामेडिकल और अन्य रेल कर्मियों के लिए अब तक, लगभग 712 औपचारिक और अनौपचारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

## प्रदेश की सभी सीटों पर लहराएगा सपा का परचम : नरेश उत्तम पटेल

**प्रयागरा।** समाजवादीपार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधानपरिषद सदस्य मा नरेश उत्तम पटेल ने शनिवार को सपा के जिला कार्यालय जॉर्ज टाउन में आयोजित एक बड़ी कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की सभी 11 स्नातक एम एल सी चुनाव में सपा के उम्मीदवार विजयी होंगे और पूरे प्रदेश में सपा का परचम लहराएगा। उन्होने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव के निर्देश को बताते हुए कहा कि मतदाताओं को घरों से निकाल कर मतदान केंद्रों तक भेजने और प्रत्याशी के पक्ष में वोट करने के लिए पूरी ताकत के साथ के साथ जुट जाने की अपील की।



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए

प्रदेश अध्यक्ष श्री पटेल ने कहा कि सपा सरकार में वित्त विहीन शिक्षकों को मासिक मानदेय 3500 से 35000 तक बढ़ाने और नान एड विद्यालयों को ग्रांट इन एड पर लेकर तथा शिक्षा मित्रों को शिक्षक बनाकर सम्मान देने, का काम किया गया है ' आगामी 2022 में सपा की सरकार बनने पर पुरानी पेंशन योजना बहाल करने के दावे के साथ उन्होने कहा कि भाजपा शासन में 2014 के लोक सभा चुनाव में 2 करोड़ लोंगों को हर साल रोजगार देने का वादा किया था लेकिन सात साल बीत जाने पर चौदह करोड़ लोगों को रोजगार देने की बजाय कई करोड़ लोग बेरोजगार हो गए और निराश होकर हजारों स्नातकों ने आत्महत्या कर ली। उन्होंने कहा कि सपा प्रत्याशी डॉ मान सिंह यादव चुनाव जीतने पर स्नातकों, बेरोजगारों, प्रतियोगी छात्रों, शिक्षकों की समस्याओं को विधान परिषद् में मजबूती के साथ उठाएंगे और सपा की सरकार बनाने पर समस्याओं को हल करने का प्रयास करेंगे। उन्होने महानगर की चुनावी समीक्षा बैठक में सत्ता पार्टी द्वारा मतदान में धांधली को रोकने के लिए सजग रहने का आह्वान किया।

इसके पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री नरेश उत्तम पटेल ने करछना विधान सभा के राम नगर में कार्यकताओं की एक बड़ी सभा को संबोधित करते हुए कहा यह चुनाव 2022 के चुनाव से पहले का सेमी फाइनल है। श्री पटेल ने फाफामऊ विधानसभा क्षेत्र के बनाई का पूरा एवं सोराव के बाबू बिहारी इंटर कॉलेज में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मतदान की प्रक्रिया को विस्तार से चर्चा की। महानगर की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता सैयद इफ्तेखार हुसैन एवं संचालन रवींद्र यादव एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष योगेश चन्द्र यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन,संदीप पटेल पूर्व मंत्री शैलेन्द्र यादव हीरामणि पटेल ,पूर्व प्रवक्ता के के श्रीवास्तव, पूर्व सांसद नागेन्द्र सिंह पटेल, रामानंद भारती, ऋचा सिंह, रमाकांत पटेल, आर एन यादव, श्यामलाल पाल, मो सारिक, धर्म राज पटेल, कमल सिंह यादव, जोखूलाल यादव, हाजी परवेज, गामा पाण्डेय, प्रशांत सिंह, नरेंद्र सिंह, विनोद चंद्र दुबे, गुलाब सिंह, मंसूर आलम, कमला यादव, अनिल यादव, आदिल हमजा, महावीर यादव, मो गौस, विक्रम पटेल, मयंक यादव, दान बहादुर मधुर, नाटे चौधरी, मो अस्करी आदि लोग मौजूद रहे।

## पुनरीक्षण अवधि के मध्य चलने वाले विशेष अभियान की प्रथम तिथि आज

**प्रयागराज।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ द्वारा निर्गत कार्यक्रमानुसार अर्हता दिनांक 01.01.2021 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में दावे और आपत्तियॉ प्राप्त करने की तिथि 17.11.2020 से 15.12.2020 तक निर्धारित है। पुनरीक्षण अवधि के मध्य विषेष अभियान तिथिया 22.11.2020, 13.12.2020 (रविवार) और 28.11.2020, 05.12.2020 (शनिवार) नियत हैं। उक्त अवधि में दावे- आपत्तियॉ जनपद के सभी मतदान केन्द्रों/ मतदेय स्थलों पर बी0एल0ओ0 एवं पदाभिहित अधिकारी मतदाता सूची व फार्म-6, 6ए, 7, 8 एवं 8ए के साथ उपस्थित रहेंगे। अर्हता दिनांक 01.01.2021 को 18 वर्ष की आयु के अर्ह मतदाता या जिनका अभी तक मतदाता सूची में नाम अंकित नहीं है वह फार्म-6 पर नाम सम्मिलित कराने, फार्म-6ए विदेश में रहने वाले (अप्रवासी) भारतीय नागरिकों के नाम दर्ज कराने, फार्म-7 पर प्रविष्टि को निकालने, फार्म-8 पर अशुद्ध प्रविष्टि को शुद्ध कराने तथा फार्म-8ए द्वारा एक ही विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत अन्यत्र रखे जाने के लिए सम्बन्धित, मतदान केन्द्र पर पदाभिहित अधिकारी/ बूथ लेबिल अधिकारी, तहसील/ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में, मतदाता पंजीकरण केन्द्र और जिला निर्वाचन कार्यालय में विहित प्रारूपों पर आवेदन दाखिल किये जा सकते है।

## मतदान करने के लिए पहचान पत्र के अलावा वैकल्पिक दस्तावेज भी होंगे मान्य

**प्रयागराज।** रिटर्निंग आफिसर, इलाहाबाद-झांसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र एवं आयुक्त झांसी मण्डल, झांसी श्री सुभाष चन्द्र शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद के द्विवार्षिक निर्वाचन-2020 के इलाहाबाद-झांसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में मतदान करने के लिए मतदाता को अपनी फोटो पहचान पत्र दिखाना होगा, किसी मतदाता द्वारा फोटो पहचान-पत्र प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो वह वैकल्पिक दस्तावेजों में से जिसमें आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, राज्य/केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्थानीय निकाय या अन्य निजी औद्योगिक घरानों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये सेवा पहचान-पत्र, सांसदों/विधायकों /विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये आधिकारिक पहचान-पत्र, शैक्षिक संस्थाओं, जिनमें संबंधित शिक्षक/स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचक नियोजित हो, द्वारा जारी सेवा पहचान पत्र, विश्वविद्यालय द्वारा जारी उपाधि/डिप्लोमा का प्रमाण-पत्र, मूल रूप में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता संबंधी प्रमाण-पत्र मूल रूप में प्रस्तुत कर सकता है। सहायक श्रम आयुक्त श्री लाला राम ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेष राज्य में सभी विभागध्यक्ष अपने कार्मिकों को यह स्मरण दिलाये कि सभी कार्मिक स्वयं व उनके परिवार सदस्य अनिवार्य रूप से प्रतिदिन मास्क पहने। अधिश्ठानों एवं माननीय गणों के आवास के बाहर नियुक्त सुरक्षा कार्मिक भी मास्क लगाये तथा आने-जाने वाले व्यक्तियों से मास्क लगाने का अनुरोध करें।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

## लाला लाजपत राय रोड़ पर बहुउद्देशीय सामुदायिक सुविधाएं एवं ऑफिस-काम्पलेक्स किया जायेगा विकसित

### मिशन मोड में कराये स्मार्ट सिटी के कार्य

**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त आर0 रमेश कुमार की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय स्थित गांधी सभागार में स्मार्ट सिटी के तहत कराये जा रहे कार्यों की प्रगति के सम्बंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में स्मार्ट सिटी के तहत शान्तिपुरम में पीडीए और स्मार्ट सिटी मिलकर इलेक्ट्रिक बस चार्जिंग स्टेशन एवं मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब विकसित करेंगे। लाला लाजपत राय रोड़ पर पीएससीएल और पीडीए मिलकर बहुउद्देशीय सामुदायिक सुविधाएं एवं ऑफिस-काम्पलेक्स विकसित करेंगे। स्मार्ट सिटी योजना के तहत जल्द ही मदन मोहन मालवीय स्टेडियम के जीर्णोद्धार पर कार्य किया जायेगा, जिसकी रूपरेखा बैठक में तैयार करने के निर्देश मण्डलायुक्त ने सम्बंधित अधिकारियों को दिये।



बैठक की अध्यक्षता करते मण्डलायुक्त

मण्डलायुक्त ने शहर के विभिन्न मार्गों पर बनने वाले पार्किंग एरिया, ग्रीन एरिया, सिटिंग प्लान, वेण्डर जोन, हॉकर जोन की प्रगति के बारे में सम्बंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। नगर निगम के द्वारा बताया गया कि फेज-1 के बनने वाले सड़कों के कार्य पूर्ण हो चुके है। उन्होंने कहा कि फेज-2 में बनने वाले सड़कों का विस्तृत अध्ययन करते हुए कुछ इस प्रकार से प्लान किया जाये, जिससे शहर हमारा स्वच्छ होने के साथ-साथ सुन्दर भी दिखे। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति एवं अन्य होने वाले कार्यों की स्वीकृति के सम्बंध में नगर निगम, प्रयागरज विकास प्राधिकरण सहित अन्य सम्बंधित विभागों को आपस में प्रति सप्ताह बैठक करके कार्यों के प्रगति की समीक्षा करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि कार्यों की स्वीकृति के सम्बंध में सभी प्रकार की समस्याओं का शीघ्रता से समाधान करते हुए कार्यों में तेजी लायें। मण्डलायुक्त ने स्मार्ट सिटी के तहत होने वाले कार्यों को फास्टर मोड एवं मिशन मोड पर कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जो कार्य लगभग पूर्ण होने की स्थिति में है उनको शीघ्रता से पूर्ण करा लिया जाये। फेज-2 के तहत होने वाले कार्यों के बारे में मास्टर प्लान बनाकर कार्यों को कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि जो भी प्लान बनाये, वह लांग टाइम के हिसाब से हो, जिससे कि शहर में किसी भी कार्य के लिए तोड़-फोड़ की आवश्यकता न हो और हमारा शहर स्वच्छ एवं सुन्दर दिखे। उन्होंने कहा कि जो भी सुविधायें मुहैया कराये, वो लोगो के हित के हिसाब से हो। उन्होंने स्मार्ट सिटी योजना के तहत बनने वाले नाइट मार्केट की प्रगति रिपोर्ट को संतोष जनक बताया। स्मार्ट सिटी योजना के अन्तर्गत फेज-1 के तहत बनने वाले ओपन एयर जिम का कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होंने इसके रख-रखाव के विशेष निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिये। बैठक में स्मार्ट पब्लिक टॉयलेट के बारे में बताया गया कि यह कार्य नमांमि गंगे योजना के तहत किया जा रहा है। स्मार्ट सिटी के तहत बनने वाले सी एण्ड डी रिसॉयकलिंग प्लांट को दिसम्बर के अंत तक शुरू करने की नगर निगम की योजना है, शीघ्र ही इस पर कार्य शुरू होगा। मण्डलायुक्त ने पब्लिक एड्रेस सिस्टम के बारे में भी अधिकारियों से जानकारी ली, जिस पर सम्बंधित अधिकारी ने बताया कि 74 जगहों पर इंस्टालेशन का कार्य पूर्ण हो चुका है और शेष कार्य नवम्बर के अंत तक पूर्ण कर लिया जायेगा।

बैठक में जिलाधिकारी-भानु चन्द्र गोस्वामी, नगर आयुक्त-रवि रंजन, पीडीए उपाध्यक्ष-अंकित अग्रवाल सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# प्रतापगढ़–कौशाम्बी

प्रयागराज रविवार, 22 नवम्बर, 2020

## संक्षेप समाचार

### विधवा महिला को पुरस्कार हेतु आवंटित हुआ बजट

**कौशाम्बी।** शासन द्वारा विधवा महिला जिसकी उम्र 35 वर्ष से अधिक न हो से विवाह करने वाले पुरूष को दम्पत्ति पुरस्कार के रूप में 11000/- रू0 पुरस्कार दिये जाने हेतु बजट आवंटित किया गया है। इस हेतु अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र जिला प्रोबेशन कार्यालय विकास भवन कौशाम्बी में जमा कर योजना का लाभ लाभार्थी उठा सकते हैं उक्त जानकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी कौशाम्बी राजनाथ राम ने दी है।

### विधवा की पुत्रियों की शादी हेतु बजट आवंटित

**कौशाम्बी।** शासन द्वारा पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन (विधवा पेंशन) प्राप्त कर रही महिलाओं की पुत्रियों की शादी हेतु बजट आवंटित किया गया है। अतः इस हेतु अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र जिला प्रोबेशन कार्यालय विकास भवन कौशाम्बी में जमा कर योजना का लाभ उठा सकते हैं उक्त जानकारी राजनाथ राम जिला प्रोबेशन अधिकारी,कौशाम्बी ने दी है।

### दहेज पीड़ित महिलाओं की मदद को बजट आवंटित

**कौशाम्बी।** शासन द्वारा दहेज से पीड़ित महिलाओं को आर्थिक सहायता एवं कानूनी सहायता दिये जाने हेतु जिनका मुकदमा दहेज अधिनियम के तहत दर्ज हो अथवा न्यायालय में चल रहा हो को आर्थिक सहायता एवं कानूनी सहायता हेतु शासन द्वारा बजट आवंटित किया गया है।दहेज से पीड़ित महिलायें अपना आवेदन पत्र जिला प्रोबेशन कार्यालय विकास भवन में जमा कर योजना का लाभ ले सकती है उक्त जानकारी राजनाथ राम जिला प्रोबेशन अधिकारी कौशाम्बी ने दी है

### नेत्र शिविर का हुआ आयोजन

**कौशांबी।** यातायात माह नवंबर व तृतीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के संदर्भ में मंझनपुर चौराहे पर निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बस व टैक्सी चालकों की जांच कराई गई व निःशुल्क चश्मों का वितरण किया गया।

## बहन बहनोई समेत चार लोगों के साथ मिलकर महिला ने किया था पति बेटे की हत्या

**कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र के चायल पुलिस चौकी अंतर्गत पिता पुत्र के हत्या के मामले का पिपरी पुलिस ने खुलासा कर दिया है महिला ने ही अपने बहन बहनोई और अन्य लोगो के साथ मिलकर अपने ही पति और बेटे की हत्याकांड की घटना को अंजाम दिया है पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।


दोहरे हत्याकांड का खुलासा करते एसपी और पीछे खड़े गिरफ्तार अभियुक्त

घटनाक्रम के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के चायल पुलिस चौकी अंतर्गत चायल कस्बा निवासी वकील अहमद उर्फ नौसे और उनके तीन वर्ष के बेटे अरहम को चाकुओं से गोदकर मौत के घाट उतारा दिया गया था इस दोहरे हत्याकांड को अंजाम देने में जीजा के प्यार में पागल महिला अपने घर के आंगन में ही अपने पति और बेटे की हत्या के बाद दोनों की लाश को दफन कर देती इसी उद्देश्य से घर के आंगन में गड्ढा तैयार किया गया था इस दोहरे हत्याकांड में मृतकों की पत्नी गुलनाज और उसके जीजा सफदर अली उर्फ बबलू पुत्र सत्तार अहमद सरदार की पत्नी नूरी और सफदर के नाबालिग बेटे अनस को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है गिरफ्तार चारों आरोपियों को पुलिस ने अदालत में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है दोहरे हत्याकांड का खुलासा पुलिस अधीक्षक ने किया है।

### तंत्र मंत्र साधना की बात हजम नहीं कर पा रहे ग्रामीण

कौशांबी। इस दोहरे हत्याकांड में जीजा के प्यार में पागल महिला द्वारा अपने पति और बेटे की हत्या किए जाने की बात प्रकाश में आई है लेकिन हत्याकांड के खुलासे में पुलिस ने यह कहा है कि तंत्र मंत्र की सिद्धि के लिए पहले पुत्र की गला घोटकर हत्या की गई थी पति की अतरिया निकालकर पुत्र को जीवित करने का प्रयास तंत्र मंत्र साधना के जरिए किया गया जिसमें पति की भी मौत हो गई है पुत्र से बड़ी कौन से सिद्धि होगी जो पुत्र की गला घोटकर कर हत्या के बाद महिला सिद्धि प्राप्त करना चाहती थी।

### नाबालिग की गिरफ्तारी को हजम नहीं कर पा रहे ग्रामीण

कौशांबी पिपरी थाना क्षेत्र के चायल कस्बे में वकील अहमद उर्फ नौसे और उनके बेटे के हत्याकांड के मामले में वकील के साढ़ू के 14 वर्षीय पुत्र अनस की गिरफ्तारी को ग्रामीण हजम नहीं कर पा रहे हैं ग्रामीणों ने इस दोहरे हत्याकांड में किसी अन्य लोगो के शामिल होने की बात की थी लेकिन इस दोहरे हत्याकांड में नाबालिग की गिरफ्तारी कर थाना पुलिस कही किसी को बचाने का प्रयास तो नही कर रही है।

## मिशन प्रेरणा का निरीक्षण करने पहुंची डायट टीम

**प्राथमिक एवम पूर्व माध्यमिक विद्यालय परसरा में सभी टीचरो की उपस्थिति देख जताया आभार**

**भरवारी कौशाम्बी।** दिनांक 21 नवंबर को मंझनपुर से जिला शिक्षा एवम प्रशिक्षण संस्थान डायट कौशाम्बी की चार सदस्यीय टीम ने प्राथमिक एवम पूर्व माध्यमिक विद्यालय परसरा स्कूल में मिशन प्रेरणा के तहत चल रहे कार्यक्रम का निरीक्षण किया जिसमें अधयापकों से दीक्षा एप्प पर चल रही निष्ठा प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी लेते हुए मौजूद टीचरो की जानकारी ली व सभी टीचरो की उपस्थिति देख उन्होंने आभार जताया।

निरीक्षक के दौरान बिद्यालय में साथ ही सब कुछ टनाटन मिलने पर सभी टीचरो से कहा कि मूरत गंज ब्लाक में यह पहला स्कूल है जहाँ पर सब कुछ आल वेल मिला है इस अवसर पर प्रधनाध्यक छेदी लाल नीतू सक्सेना सरिता चौधरी धीरज सिंह लवकुश एवम प्राथमिक विद्यालय के शंकुल प्रभारी रविन्द्र कुमार मिश्रा विवेक मिश्रा नागेंद्र कुमार दीप्ति यादव प्रगति गुप्ता जिम्मी करवरिया नैना कुमारी एवम सुचित्रा व नीलू आदि शिक्षक मौजूद थे।

### ड्रोन विमान से किया घरों का निरीक्षण

**कल्यानपुर कौशाम्बी।** मोदी सरकार की हर घर को तहसील के अभिलेखों में दर्ज करने की योजना घरौनी के तहत सिराथू तहसील के अन्तर्गत ग्राम अहिरारा में तहसील कर्मियों ने निरीक्षण किया है योजना के तहत घरौनी का निरीक्षण ड्रोन विमान द्वारा तहसील कर्मियों ने निरीक्षण किया है निरीक्षण कर राजस्व अभिलेखों को पूर्ण करने में कर्मचारी लगे हैं तहसील कर्मियों ने बताया कि सिराथू तहसील के अहिरारा गांव में 280 घरों का आज निरीक्षण किया गया है।

## दहेज लोभियों की प्रताड़ना से विवाहिता परेशान

**पुलिस अधीक्षक से पीड़ित विवाहिता ने की कार्यवाही की मांग**

**बेरूवा कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के काजू गांव की रहने वाली संगीता देवी की शादी करारी थाना क्षेत्र के नौबस्ता गांव निवासी दिनेश कुमार के साथ वर्ष 2014 में हुई थी संगीता देवी के माता पिता ने अपनी हैसियत से दहेज का सामान देकर दिनेश कुमार पुत्र ऊदल सरोज के साथ बेटी संगीता देवी को बिदा किया था। किन्तु शादी में कम दहेज मिलने की बात कह कर संगीता देवी का पति दिनेश उसके पिता ऊदल सरोज तथा दिनेश की माँ सुक्खी देवी देवर जेठ देवरानी सभी लोग संगीता देवी से दहेज की मांग करते थे डिमांड में दो लाख रुपये व सोने के दो तोले की चैन की मांग ना पूरी होने पर दो दो दिन उसे भूखा रक्खा जाता हैं ससुराली जनों के जुल्म ज्यादती अत्याचार का हाल यह है कि विवाहिता को आए दिन मारपीट कर प्रताड़ित किया जाता है अत्याचारी ससुराली जनों ने 7 जुलाई को संगीता देवी को ससुरालीजन दहेज की मांग को लेकर मारपीट कर ससुराल से भगा दिया। प्रताड़ना से त्रस्त होकर संगीता देवी वापस मायके लौटी और करारी थाने में तहरीर देकर दहेज लोभियों के ऊपर कार्यवाही की मांग कर रही हैं लेकिन करारी पुलिस कोई कार्यवाही नही कर रही हैं पुलिस अधीक्षक को लिखित प्रार्थना पत्र देकर विवाहिता ने कार्यवाही की मांग कर रही हैं।

## धान खरीद में बिचौलिए का हस्ताक्षेप बर्दास्त नहीं : डीएम

**जिलाधिकारी ने धान खरीद के मूल्य को निर्धारित समय सीमा में किसानों के खाते में आन्तरित करने तथा क्रय केन्द्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें चुस्त दुरूस्त बनाये रखने का दिया निर्देश**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह ने शुक्रवार को धान क्रय केन्द्र तिलगुडी नेवादा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने धान क्रय केन्द्र प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा है कि किसानों को अपने धान बेचने में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा है कि धान खरीद में यदि किसी भी प्रकार की शिकायत पायी गयी तो संबंधित क्रय केन्द्र प्रभारी के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्हेने क्रय केन्द्र प्रभारी को क्रय केन्द्र पर नमी मापक यन्त्र सहित अन्य सभी प्रकार के यन्त्रां को निरन्तर क्रियाशील रखने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने क्रय केन्द्र प्रभारी को क्रय केन्द्र पर पीने के पानी, बैठने की व्यवस्था, विद्युत की व्यवस्था तथा प्रतिदिन की कार्रवाइयों को रजिस्टर में दर्ज करने सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें एवं कार्रवाइयां सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने डिप्टी आरएमओ को तथा क्रय केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया है कि किसानों के धान खरीद का मूल्य निर्धारित समय सीमा में उनके खाते में आवश्यक रूप से पहुंच जाना चाहिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदाशीनता क्षम्य नहीं होगी। उन्हेने क्रय केन्द्रो पर साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था निरन्तर बनाये रखने का निर्देश दिया है। उन्हेने सख्त हिदायत देते हुए कहा है कि धान खरीद में किसी भी बिचौलिए का हस्ताक्षेप नहीं होना चाहिए, बिचौलियों से किसी भी दशा में धान न खरीदा जाये। जिलाधिकारी ने डिप्टी आरएमओ को निर्देशित किया है कि वे अपने स्तर से सभी क्रय केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित करना सुनिश्चित करें कि वे सभी अपने-अपने क्षेत्र के किसानों को अपने धान का नमूना क्रय केन्द्र पर लाकर चेक करा लें, जिससे कि धान की वस्तुस्थिति से किसान अवगत हो सके और वे विक्रय योग्य धान को ही क्रय केन्द्रों पर ले आयें, जिससे किसानों को अनावश्यक रूप से धान विक्रय के संबंध में परेशानी न उठानी पडे.। जिलाधिकारी ने डिप्टी आरएमओ को लक्ष्य के सापेक्ष धान खरीद की कार्यवाई सुनिश्चित करने के लिए कहा है। उन्होने यह भी निर्देशित किया है कि सभी धान क्रय केन्द्रों पर किसानों के रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था रहे, जिससे किसान अपना रजिस्ट्रेशन करा सकें। इस अवसर पर क्रय केन्द्र प्रभारी एवं कृषकगण भी उपस्थित रहे।


धान खरीद केंद्र का निरीक्षण करते जिलाधिकारी

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का डीएम ने किया निरीक्षण

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह ने शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र करारी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने उपस्थिति रजिस्टर, साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने भर्ती मरीजों के लिए खाना, पानी एवं दवायें समय से उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने वहां पर साफ-सफाई का कार्य निरन्तर कराते रहने का निर्देश दिया है।

## हाईकोर्ट के मुद्दे पर न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता

**प्रतापगढ़।** जिले को इलाहाबाद हाईकोर्ट की प्रधान पीठ से जोड़े जाने की मांग पर कचहरी के अधिवक्ताओं ने शनिवार को कार्य बहिष्कार किया। जूनियर बार एसोसिएशन कार्यालय में हुई बैठक में वकीलों ने कहा कि लंबे समय से जिले को इलाहाबाद हाईकोर्ट की प्रधान पीठ से जोड़े जाने की मांग की जा रही है। अभी लखनऊ खंडपीठ से संबद्ध होने के कारण जिले के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अनावश्यक अधिक धन खर्च करना पड़ रहा है। प्रयागराज मंडल के सभी जनपद प्रधान पीठ से ही संबद्ध हैं। ऐसे में प्रतापगढ़ को भी हाईकोर्ट की प्रधान पीठ से ही संबद्ध किया जाना चाहिए। बैठक में सर्वसम्मति से न्यायिक कार्य से विरत रहने का प्रस्ताव पारित किया गया। इस मौके पर जूनियर बार एसोसिएशन अध्यक्ष अयोध्या प्रसाद मिश्र, मुश्ताक अहमद, शिव प्रकाश मिश्र, विवेक त्रिपाठी, शक्ति सिंह, चंद्रकांत आदि मौजूद रहे।

## उत्पीड़न : आईटीआई छात्र ने मौत को लगाया गले, तीन पर केस

**प्रतापगढ़।** प्रताड़ना के चलते आईटीआई के छात्र ने फांसी के फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली। छात्र के मानसिक उत्पीडन के चलते हुई मौत की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन मे हडकंप मच गया। आननफानन मे सीओ तथा कोतवाल भारी फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घटना के कारणों की छानबीन को लेकर घंटो मशक्कत करते दिखे। कोतवाली लालगंज के बेलहा गांव मे शनिवार को जोखू लाल शर्मा उर्फ शंकर के बीस वर्षीय पुत्र धीरेन्द्र उर्फ धीरू ने मकान की दूसरी मंजिल पर बने कमरे मे फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना को लेकर मृतक के भाई धर्मेन्द्र शर्मा की तहरीर पर तीन आरोपियो के खिलाफ उत्पीड़न के चलते आत्महत्या का पुलिस ने केस दर्ज किया है। धीरेन्द्र इस समय प्रतापगढ़ मुख्यालय पर आईटीआई दूसरे वर्ष की पढाई कर रहा था। इधर वह घर आया हुआ था। शनिवार को धीरेन्द्र दूसरी मंजिल के एक कमरे मे गया और कमरा बंद कर फंदे से झूल गया। दोपहर उसकी मां गुडडी खेत से लौटी तो धीरू को खाना देने छत पर गई। मां के आवाज देने पर भी कमरे के अंदर से कोई आवाज नही आयी। इसके बाद मां ने कमरे को खटखटाया तो भी अंदर से कोई आवाज न मिलने पर वह अनहोनी की आशंका मे कांप उठी। मृतक की मां ने कमरे मे लगे रोशनदान से झांका तो अंदर का नजारा देख उसकी चीख निकल गई। गुडडी का चीत्कार सुन परिजन भी छत पर पहुंच गये। परिवार के लोगों की चीखपुकार पर गांव के लोग भी बडी तादात मे जोखू शर्मा के घर जुट गये। आत्महत्या से पूर्व मृतक छात्र के पास से एक सुसाइड नोट भी पुलिस को मिला। सुसाइड नोट मे मृतक छात्र ने आत्महत्या के लिए गांव के ही प्रदीप सिंह पुत्र हीरा सिंह तथा उसके साले व भीषम सिंह को लगातार प्रताड़ना के चलते जबाबदेह बताया है। सुसाइड नोट मे मृतक छात्र ने पिता के नाम भावनात्मक पत्र मे कहा है कि वह कायर नही है किंतु आरोपितो के उत्पीड़न के चलते वह आत्महत्या कर रहा है, .... सॉरी पापा। उत्पीडन से हुई आईटीआई छात्र की मौत की जानकारी होते ही सीओ जगमोहन तथा कोतवाल संजय यादव व दरोगा सुनील राय भारी फोर्स के साथ मृतक के घर पहुंचे। सीओ तथा कोतवाल ने सुसाइड नोट कब्जे मे लेते हुए परिजनों तथा ग्रामीणों से घटना के कारणों को लेकर घंटो पूछताछ की मशक्कत जारी रखी। इधर जवान बेटे की मौत से सदमे मे आये पिता तथा परिजनो का रो-रो कर बुराहाल देखा गया। मृतक तीन भाईयों मे सबसे छोटा था। उसके दो और बडे भाई धर्मेन्द्र तथा जीतेन्द्र का भी होनहार भाई की मौत को लेकर रोना बिलखना देख घटनास्थल पर मौजूद लोगों की आंखे भर आयी। मृतक छात्र का पिता जोखू लाल कानपुर मे कारोबारी के सिलसिले मे रहता है। वह भी इन दिनों घर आया हुआ था। वहीं मृतक छात्र का एक भाई धर्मेन्द्र पिचूरा मे क्लीनिक पर रहता है। जबकि दूसरा भाई जीतेन्द्र खेतीबारी किया करता है। बिलखती मां गुडडी ने बताया कि उसके बेटे धीरू ने शुक्रवार की रात भी खाना नहीं खाया था। ग्रामीणों के मुताबिक धीरू शुक्रवार की शाम से कुछ ज्यादा परेशान दिख रहा था। पुलिस ने देर शाम मृतक के शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा कराया। इसके बाद शव को पीएम के लिए पुलिस सुरक्षा मे जिला अस्पताल भेजवाया गया। इधर आईटीआई छात्र की मौत को लेकर उसके भाई धर्मेन्द्र शर्मा ने तहरीर देकर आरोपित प्रदीप सिंह तथा भीषम सिंह व प्रदीप के साले पर भाई की मौत का जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्रदीप समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इस बाबत कोतवाल संजय यादव का कहना है, केस दर्ज किया गया है, जांच कर आरोपितो के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

## कथा श्रवण से मिलता है पापों से मुक्ति : कथा व्यास

**प्रतापगढ़।** श्रीमद्भभागवत कथा का आयोजन शिवबोझ लक्ष्ममणपुर में कथा व्यास पंडित जगदंबा प्रसादाचार्य जी महाराज के मुखारविंद द्वारा हजारो श्रोताओं ने उनकी कथा का रसपान किया आज की कथा मे भगवान नरसिंह के अवतार का वर्णन हुआ और ध्रुव की कथा कहते हुए उन्होंने बताया कि जीत हमेशा सत्य की होती है, उन्होंने कहा कि सत्य जो था वो ध्रुव था,वो बहुत छोटा सा बच्चा था,और असत्य हिरणाकश्यप था जो बहुत ही बलशाली था,लेकिन जीत सत्य रूपी छोटे से ध्रुव की ही हुई, कथा के बीच मे श्री कृष्णा के जन्म की सुंदर झांकी निकाली गयी ,महिलाओं ने मंगल गीत सोहर भजन गाकर कृष्णजी के जन्म की खुशी मनाई मुख्य यजमान राममूर्ति मिश्र, चंद्रकली मिश्र ने आये हुए श्रोताओ का आभार व्यक्त किया ,इस अवसर पर चंद्रभानु शुक्ल,रामराज पांडेय, रामदुलारे शुक्ल,रामचंद्र शुक्ल प्रभाकर मिश्र,विजय मिश्र,अरुण मिश्र,अजय मिश्र,साहेब तिवारी, ललित कुमार जायसवाल, कौशलेन्द्र शुक्ल आदि लोग मौजूद रहे।

## दुर्घटना में किशोर की मौत, कोहराम

**रोते बिलखते परिजन शव से लिपटकर दहाड़ मारकर कर रहे थे चीख पुकार**

**प्रतापगढ़।** सांगीपुर थाना क्षेत्र के सराय दलपत गांव निवासी पुत्र वासुदेव वर्मा का पुत्र बल्लू वर्मा 17 की बाइक की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गयी। किशोर की मौत की जानकारी होते ही परिजनों मे कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजन शव से लिपटकर दहाड़ मारकर चीखपुकार मे देखे गये। शनिवार की दोपहर लगभग ग्यारह बजे मृतक बबलू वर्मा साइकिल से किसी कार्य से रैचनपुर गांव जा रहा था। इतने में सामने से एक तेज गति से बाइक आ गयी। बाइक ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी। आननफानन मे परिजन जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे और घायल किशोर को एम्बुलेंस से इलाज के लिए लालगंज सीएचसी ले आ रहे थे। रास्ते मे ही गंभीर रूप से चुटहिल किशोर ने अत्यधिक रक्तस्त्राव होने से दम तोड़ दिया। इधर घटना से गुस्साये ग्रामीणों ने बाइक सवार युवकों मो. सहवान पुत्र मो. रफीक निवासी पूरे शिवचरन रेहुआ थाना उदयपुर व मो.जाहिद पुत्र मो. साकिब निवासी रैचनपुर थाना सांगीपुर को पकडकर धुना और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस दुर्घटना मे आरोपित युवकों को सांगीपुर थाने पूछताछ के लिए ले गई। वहीं पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजवाया।

इधर मृतक के पिता वासुदेव वर्मा ने थाने में तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि लापरवाही से बाइक चला रहे युवकों ने उसके लड़के को टक्कर मार दिया। इसके चलते बेटे की मौत हो गयी। इस बाबत एसओ सतीश कुमार का कहना है कि तहरीर मिली है, मुकदमा दर्ज कर आरोपितो के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## नीति और नैतिकता तथा धर्म की प्रेरणा है श्रीकृष्ण का लीलावतार : दिनेश जी महराज

**भागवत कथा मे भगवान के लीलावतार के मर्म को सुन भावविभोर हुये श्रद्धालु**

**प्रतापगढ़।** हरनाहर के समीप रामचंद्रपुर मछेहा हरदोपटटी मे हो रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ मे छठवें दिन शनिवार को भगवान कृष्ण की लीला की भावनात्मक कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथाव्यास पं. दिनेश शुक्ल गुरूजी महराज ने कहा कि भगवान कृष्ण की लीलाएं मनुष्य को नीति और नैतिकता तथा धर्म पर आधारित जीवन के श्रंगार की प्रेरणा दिया करती है। उन्होनें कहा कि कृष्ण नाम का जप कलियुग का सबसे बड़ा पुण्यफल है। जो सच्चे मन से राधे-कृष्ण की भक्ति मे रम जाया करता है, उसका माधवबिहारी हर पल स्वयं कल्याण किया करते है। भगवान की आराधना करने वाले मनुष्य को कभी भी कष्ट की अनुभूति हुआ ही नही करती। कथा के दौरान महिला श्रद्धालुओं के भजन व संकीर्तन से भी पाण्डाल मे आध्यात्मिक आस्था का भावपूर्ण माहौल दिखा। कथा के संयोजक पं. गिरधारी लाल शुक्ल एवं गायत्री शुक्ला ने प्रारम्भ मे गुरू महराज दिनेश जी का श्रद्धालुओं की ओर से अभिषेक किया। सह संयोजक बृजेन्द्र कुमार शुक्ल मुन्ना तथा लालजी शुक्ल ने कथाश्रवण मे आये श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण किया। इस मौके पर डा. आशीष शुक्ल, उपेश शुक्ल, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, शास्त्री सौरभ त्रिपाठी, राजेन्द्र शुक्ल, सोनू मिश्र, विनय पाण्डेय आदि रहे।


रामचंद्रपुर मछेहा हरदोपटटी मे हो रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ में प्रमोद तिवारी व संत

### भक्तिभाव के साथ व्रती भक्तों ने किया छठी मइया का पूजन

**प्रतापगढ़।** कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाने वाला यह पर्व पूरे भारत मे मनाया जाता है । इस पर्व को उत्तर - प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़ और झारखण्ड मे अधिकांश तौर पर मनाया जाता है । भारत के अधिकांश शहरों व ग्रामीणांचल मे छठ आने के पूर्व से ही लोग छठी मइया के पूजन अर्चन करने के लिए तैयारियां करने लगते हैं, यह पर्व चार दिनों तक मनाया जाता है । कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष के चतुर्थी पर नहाए खाए, पंचमी पर खरना और षष्ठी के दिन मुख्य रुप से छठ पूजा व डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है और सप्तमी के दिन उगते हुए सूर्य को जल चढ़ाकर पारण किया जाता है । पौराणिक मान्यता के अनुसार छठ पूजा संतान प्राप्ति और संतान के सुखी जीवन के लिए किया जाता है । छठ पूजा मे सूर्य देव को अर्घ्य देने का विशेष महत्व है । छठी मइया की विशेष पूजा नदी या तालाब के किनारे विधिवत नियम पूर्वक किया जाता है ।व्रती छठ पूजा के समय पूरे चार दिन तक नियम पूर्वक विधि विधान के साथ पूजा करती हैं । पूजा से प्रसन्न होकर सूर्य देव तथा छठी मइया व्रती भक्तों व उनके परिवार वालों को सुखद एंव निरोगी जीवन का आशीष देते हैं । लक्ष्मणपुर विकासखन्ड के हन्डौर दुबान मे छठी मइया का व्रती भक्तों ने विधि विधान से नियमित चार दिनों तक पूजन - अर्चन करके सप्तमी के दिन सुबह नदी के तट पर सूर्य देवता को अर्घ्य देकर पारण किया । इसके पूर्व षष्ठी के दिन व्रती राजकुमार द्विवेदी एंव पत्नी कमलेश द्विवेदी एडवोकेट ने नदी तट पर छठ मइया का विधि विधान के साथ एंव मंगल गीत गाकर पूजन - अर्चन कर छठ मइया से आशिर्वाद प्राप्त किया ।